पत्रांक–9A / राजस्व महा–अभियान 07–11 / 2025–1542 (9A) / रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

प्रशांत कुमार सी.एच.,
अपर सचिव।

ई–मेल

सेवा में,

अपर समाहर्त्ता,
सीवान, सुपौल एवं समस्तीपुर।

पटना–15, दिनांक– 12/06/2026

विषय :– राजस्व महा–अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों की स्कैनिंग एवं पोर्टल पर अप्लाई / अपलोड के कार्य में गति लाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि राजस्व महा–अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनों की शत–प्रतिशत स्कैनिंग एवं संबंधित पोर्टल पर अप्लाई / अपलोड करने हेतु दिनांक–11.06.2026 से 17.06.2026 तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। इन कार्यों को विशेष शिविर का आयोजन कर मिशन मोड में पूर्ण करने का स्पष्ट निदेश दिया गया है।

दिनांक–11.06.2026 की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा के उपरांत यह परिलक्षित हुआ है कि आपके जिला में विशेष शिविर के प्रथम दिन का कार्य अत्यंत असंतोषजनक और लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। आपके जिला की अद्यतन स्थिति निम्नवत् है :–

**सीवान**– स्कैनिंग हेतु कुल 67,411 आवेदन लंबित हैं, जिसके विरुद्ध प्रथम दिन मात्र 4,347 आवेदन ही स्कैन किए गए हैं। इसी प्रकार, पोर्टल पर अप्लाई करने हेतु 1,59,002 आवेदन लंबित हैं, जबकि मात्र 3,074 आवेदन ही अप्लाई किए जा सके हैं।

**सुपौल**– स्कैनिंग हेतु कुल 1,17,936 लंबित आवेदनों के विरुद्ध केवल 1,588 आवेदन स्कैन हुए हैं। पोर्टल पर अप्लाई करने हेतु 1,72,052 लंबित आवेदनों के विरुद्ध मात्र 1,970 आवेदन अप्लाई किए गए हैं।

**समस्तीपुर**– स्कैनिंग हेतु 73,053 आवेदन लंबित हैं, जिनमें से केवल 2,545 की स्कैनिंग हुई है। अप्लाई करने हेतु 1,96,665 आवेदन लंबित हैं, जिसके विरुद्ध मात्र 2,687 आवेदनों को ही अप्लाई किया जा सका है।

यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। इतने बड़े पैमाने पर लंबित आवेदनों को वर्तमान धीमी गति से विशेष शिविर की निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण किया जाना संभव प्रतीत नहीं होता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने जिले के कार्य–प्रदर्शन की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें तथा इसमें तत्काल गति लाएं। सभी संबंधित अंचल अधिकारियों एवं कर्मियों को निदेशित कर शत–प्रतिशत आवेदनों की स्कैनिंग एवं पोर्टल पर अप्लाई करने का कार्य विशेष शिविर की निर्धारित अवधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।**

विश्वासभाजन

12/06

(प्रशांत कुमार सी.एच.)
अपर सचिव।

ज्ञापांकः–9A / राजस्व महा–अभियान 07–11 / 2025–1542 (9A) / रा0, पटना–15, दिनांक– 12/06/2026

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता / सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/06

(प्रशांत कुमार सी.एच.)
अपर सचिव।

ज्ञापांकः–9A / राजस्व महा–अभियान 07–11 / 2025–1542 (9A) / रा0, पटना–15, दिनांक– 12/06/2026

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सूचनार्थ प्रेषित।

12/06

(प्रशांत कुमार सी.एच.)
अपर सचिव।